NEERAJ®

# भारत में ग्राम विकास

## (Rural Development : Indian Context)

## B.R.D.E.-101

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Solved Sample Papers**

By: *Dr. Narad Rai*

*Based on*

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

Serving Education for Last 40 Years

**NEERAJ PUBLICATIONS**
*(Publishers of Educational Books)*

**Retail Sales Office:**
1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi - 6
Mob.: 8510009872, 8510009878
E-mail: info@neerajbooks.com
Website: www.neerajbooks.com

MRP ₹ 280/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office : 1507, 1st Floor, Nai Sarak, Delhi-110 006

E-mail: info@neerajbooks.com | Website: www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" on Websites, Web Portals, Online Shopping Sites, like Amazon, Flipkart, Ebay, Snapdeal, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

*Get books by Post & Pay Cash on Delivery :*

*If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.*

*While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.*

*No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 3-4 days after we receive your order and it takes Nearly 4-5 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 8-9 days).*

# CONTENTS

# भारत में ग्राम विकास

## ( Rural Development : Indian Context )

### *Question Bank – (Previous Year Solved Question Papers)*


| | |
|---|---|
| *Question Paper—Exam Held in February-2021 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2019 (Solved)* | 1-3 |
| *Question Paper—June, 2018 (Solved)* | 1 |
| *Question Paper—June, 2017 (Solved)* | 1-2 |
| *Question Paper—June, 2016 (Solved)* | 1 |
| *Question Paper—June, 2015 (Solved)* | 1-9 |

| *S.No.* | ***Chapterwise Reference Book*** | *Page* |
|---|---|---|
| | **ग्रामीण समाज ( Rural Society )** | |
| 1. | सामाजिक संरचना ( Social Structure ) | 1 |
| 2. | ग्रामीण आर्थिक संरचना ( Rural Economic Structure ) | 9 |
| 3. | ग्रामीण शक्ति संरचना ( Rural Power Structure ) | 18 |
| 4. | ग्रामीण-नगरीय पारस्परिक क्रियाएं ( Rural-Urban Mutual Activities ) | 25 |
| | **ग्रामीण विकास ( Rural Development )** | |
| 5. | विकास ( Development ) | 32 |
| 6. | ग्रामीण विकास : दृष्टिकोण एवं प्रक्रिया ( Rural Development: Views and Procedure ) | 37 |
| 7. | ग्रामीण सामाजिक विकास ( Rural Social Development ) | 44 |
| 8. | मानव विकास ( Human Development) | 51 |
| 9. | स्थायी विकास ( Sustainable Development ) | 57 |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| | **विकास की प्रकृति और प्रक्रिया ( Nature and Process of Development )** | |
| 10. | ग्राम विकास की संकल्पना: अर्थ, प्रकृति और ग्राम विकास का क्षेत्र<br>( Concept of Rural Development: Meaning, Nature and Scope of Rural Development ) | 63 |
| 11. | ग्राम विकास में स्वतंत्रता-पूर्व की पहल<br>( Initiatives in Pre-Independence Rural Development ) | 71 |
| 12. | विस्तार और सामुदायिक विकास<br>( Extension and Community Development ) | 80 |
| 13. | पंचायती राज, सहकारिता और हरित क्रान्ति<br>( Panchayati Raj, Co-operation and Green Revolution ) | 85 |
| 14. | ग्रामीण ऋण, लघु वित्त, स्व-सहायता समूह<br>( Rural Debt, Small Finance Self-Helpgroups) | 92 |
| | **राज्य और ग्राम विकास ( State & Rural Development )** | |
| 15. | ग्राम विकास में राज्य की भूमिका ( Role of State in Rural Development) | 99 |
| 16. | पंचवर्षीय योजना और ग्राम विकास<br>( Five Year Plan and Rural Development ) | 106 |
| 17. | ग्राम विकास कार्यक्रम : एक सिहांवलोकन<br>( Rural Development Programme: An Overview ) | 112 |
| 18. | ग्राम विकास : वर्तमान कार्यक्रम ( Rural Development: Present Agenda ) | 120 |
| 19. | ग्राम विकास प्रशासन ( Rural Development Administration ) | 127 |
| | **ग्राम विकास में स्वैच्छिक एवं गैर-सरकारी संगठन ( Voluntary and NGOs in Rural Development )** | |
| 20. | स्वैच्छिक प्रयास एवं गैर-सरकारी संगठन ( एन.जी.ओ. )<br>( Voluntary Efforts and NGOs ) | 133 |
| 21. | महिलायें एवं गैर सरकारी, संगठन ( Women and NGOs ) | 139 |

| S.No. | Chapter | Page |
|---|---|---|
| 22. | युवा एवं गैर-सरकारी संगठन ( Youth and NGOs ) | 145 |
| 23. | शिक्षा एवं गैर-सरकारी संगठन ( Education and NGOs ) | 152 |
| 24. | पर्यावरण एवं गैर-सरकारी संगठन ( Environment and NGOs ) | 159 |
| | **उभरता ग्रामीण समाज ( Rising Rural Society)** | |
| 25. | उभरते ग्रामीण समाज का प्रतिमान ( Pattern of Rising Rural Society ) | 166 |
| 26. | सशक्तीकरण ( Empowerment ) | 171 |
| 27. | ग्रामीण स्वास्थ्य देखभाल ( Rural Health Care ) | 177 |
| 28. | ग्रामीण शिक्षा ( Rural Education ) | 182 |
| 29. | ग्रामीण आधारभूत 3संरचना एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नगरीय सुविधाओं का प्रावधान ( पुरा ) (Rural Basic Structure & Provision of Urban Facilities in Rural Areas) | 187 |

■ ■

# Sample Preview
# of the
# Solved
# Sample Question
# Papers

*Published by:*

**NEERAJ**
**PUBLICATIONS**
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

**Exam Held in**
**February – 2021**

*(Solved)*

## भारत में ग्राम विकास

**(Rural Development : Indian Context)**

**B.R.D.E.-101**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट : खण्ड 'क'*** *से* ***किन्हीं दो*** *प्रश्नों,* ***खंड 'ख'*** *से* ***चार*** *प्रश्नों और* ***खंड 'ग'*** *से* ***पाँच प्रश्नों*** *के उत्तर दीजिए।*

### खण्ड–क

**निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**प्रश्न 1. पारम्परिक शक्ति संरचना से आप क्या समझते हैं? भारत में पारम्परिक शक्ति संरचना के लोकतंत्रीकरण का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-3, पृष्ठ-18, 'ग्रामीण भारत में पारम्परिक शक्ति संरचना', 'पारंपरिक शक्ति संरचना में परिवर्तन', 'पारंपरिक शक्ति संरचना का लोकतंत्रीकरण'

**प्रश्न 2. मानव प्रवजन की संकल्पना और कारकों का वर्णन कीजिए। ग्रामीण और शहरी समाजों पर इसके प्रभाव को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-26, 'मानव आव्रजन'

**प्रश्न 3. ग्राम विकास के प्रमुख दृष्टिकोणों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-6, पृष्ठ-37, 'ग्रामीण विकास', पृष्ठ-38, 'ग्रामीण विकास के उपागम'

**प्रश्न 4. भारत में विभिन्न स्तरों पर ग्राम विकास के लिए प्रशासनिक संरचना को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-19, पृष्ठ-128, 'विभिन्न स्तरों पर ग्राम विकास के लिए प्रशासनिक संगठन : खण्ड स्तर और ग्राम स्तर'

### खण्ड–ख

**निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

**प्रश्न 5. भारत में ग्रामीण और शहरी समाजों में निरन्तरता और परिवर्तन की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-28, 'भारत में ग्रामीण: शहरी समाजों में परिवर्तन एवं निरंतरता'

**प्रश्न 6. सहकारिता प्रणालियों के प्रमुख प्रकारों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-13, पृष्ठ-90, प्रश्न 4

**प्रश्न 7. भारत में पंचायती राज संस्थाओं के विकास को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-13, पृष्ठ-85, 'भारत में पंचायती राज का विकास'

**प्रश्न 8. चीन में ग्राम विकास की महत्त्वपूर्ण विशेषताओं का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-6, पृष्ठ-40, प्रश्न 2

**प्रश्न 9. भारत में प्रमुख ग्रामीण रोजगार कार्यक्रमों को स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-17, पृष्ठ-115, 'ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम', 'सुनिश्चित रोजगार योजना'

**प्रश्न 10. भारत में पर्यावरण संरक्षण में गैर-सरकारी संगठनों की भूमिका का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-24, पृष्ठ-161, 'एन.जी.ओ. की भूमिका एवं गतिविधियाँ'

### खण्ड–ग

**प्रश्न 11. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए।**

**(क) जनजातीय समाज**

www.neerajbooks.com



**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-1, 'जतजातीय समाज'

**(ख) ग्रामीण उद्योग**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-2, पृष्ठ-13, 'ग्रामीण उद्योग'

**(ग) महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA)**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-18, पृष्ठ-121, 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 (MGNREGA)'

**(घ) ग्रामीण स्वच्छता**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-7, पृष्ठ-46, 'ग्रामीण स्वच्छता'

**(ङ) कमजोर और मजबूत स्थायित्व**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-9, पृष्ठ-58, 'कमजोर और मजबूत स्थायित्व'

**(च) श्रीनिकेतन परियोजना**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-11, पृष्ठ-72, 'श्री निकेतन परियोजना'

**(छ) सूक्ष्म वित्त की अवधारणा**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-14, पृष्ठ-94, 'लघु वित की संकल्पना', अध्याय-6, पृष्ठ-41, 'सूक्ष्म वित व्यवस्था या सूक्ष्म ऋण कार्यक्रम'

**(ज) नर्मदा बचाओ आन्दोलन**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-25, पृष्ठ-165, 'नर्मदा बचाओ आन्दोलन'

■■

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com

# Sample Preview of The Chapter

*Published by:*

**NEERAJ PUBLICATIONS**
www.neerajbooks.com

# भारत में ग्राम विकास
## ( Rural Development in India )

### ग्रामीण समाज ( Rural Society )

## सामाजिक संरचना
## ( Social Structure )

1

### परिचय

भारत की अधिकांश जनसंख्या लगभग 75%, गाँवों में निवास करती है, इसलिए भारत को ग्रामों का देश कहा जाता है। ऐसी स्थिति में गांवों को विकास की संकल्पना पर विचार किये बिना देश का विकास संभव नहीं है। इसलिए ग्रामीण समाज की समस्त विशेषताओं सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक एवं सांस्कृतिक आदि का अध्ययन करना आवश्यक हो जाता है। इसमें सामाजिक संरचना का अध्ययन अत्यधिक महत्त्वपूर्ण है। सामाजिक संरचना समाज की प्रकृति को निर्धारित करती है। सामाजिक संरचना के अध्ययन से उसके विभिन्न लक्षणों, विभिन्न विशेषताओं जैसे ग्रामीण, नगरीय तथा जनजातीय समाजों पर प्रकाश डाला जाता है। सामाजिक संरचना एक जटिल संरचना है और इसमें अनेक प्रकार स्थापित होते हैं। भारत जैसे विकासशील देश में अनेक क्षेत्र और उपक्षेत्र हैं, जिनके धर्मों, जातियों एवं भाषायी समूहों में अंतर पाया जाता है, परन्तु यह अंतर भारत की विभिन्नता में एकता के रूप में दिखाई देता है। यह विशेषता भारत के ग्रामीण समाज के अध्ययन को रूचिकर बना देती है।

### अध्याय का विहंगावलोकन

#### भारतीय समाज के प्रमुख प्रकार

(1) **ग्रामीण** भारतीय समाज मुख्य रूप से तीन प्रकार का ग्रामीण, नगरीय और जनजातीय है। यद्यपि प्रकारों की दृष्टि से ये एक-दूसरे से भिन्न हैं, परन्तु वास्तव में इन्द्रधनुष में दिखने वाले सात रंगों के समान ये भी एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। वस्तुत: इनकी सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक परिवर्तनों में अन्त:क्रियात्मकता चलती रहती है। आगे चलकर धीरे-धीरे गाँव, नगरों या शहरों का रूप धारण कर रहे हैं। वास्तव में ग्रामीण, नगरीय एवं जनजातीय क्षेत्र एक दूसरे से सम्बद्ध होते जा रहे हैं और एक दूसरे पर निर्भर हैं लेकिन नगरों की स्थिति अधिक मजबूत है, क्योंकि वहाँ आवश्यक सुविधाएं, जैसे आय के साधन आदि उपलब्ध हैं, परन्तु जनजातीय समाज के अस्तित्व के लिए उसका विकास जरूरी है।

गाँव ग्रामीण बस्ती के रूप में एक विशिष्ट इकाई है और पंचायत के रूप में प्रशासन की सबसे छोटी इकाई है। गाँव छोटे-बड़े होते हैं, जिसमें कुछ सौ से लेकर कुछ हजार तक मकान होते हैं। यह आबादी, कृषि योग्य भूमि एवं छोटे वन या घास भूमि में बंटी होती है। घरों की बस्ती का स्वरूप प्राय: एकाकी होता है। कुछ गाँवों में फैले हुए मिलते हैं। गाँवों में नातेदारी, जाति या धर्म के आधार पर अलग समूह होते हैं। यहाँ किसान, खेतीहर मजदूर तथा इनसे सम्बन्धित व्यवसाय के लोग निवास करते हैं। गैर कृषि कार्य वाले लोगों की संख्या नगण्य होती है। गाँव एक प्रकार से खाद्यान्न उत्पादन की इकाई है, जो अपने लिए एवं नगरीय लोगों के खाद्य का उत्पादन करते हैं। यहाँ व्यावसायिक विशेषीकरण कम होता है और सरल तकनीकी का प्रयोग किया जाता है। यहाँ सामाजिक, आर्थिक संरचना में परिवर्तन धीमी गति से होता है।

2. **नगरीय** यद्यपि नगरीय समाज विविधताएं लिए हुए है, परन्तु यह विषम, जटिल और विविध है। यहाँ के परिवार एकाकी और छोटे आकार के हैं, परन्तु नगर का आकार बड़ा एवं जनसंख्या घनत्व अधिक है। नगरों का विस्तार तेजी से हो रहा है क्योंकि ग्रामीण जनसंख्या का प्रवजन शहरों की ओर हो रहा है। नगरीय लोगों पर सामाजिक, अनौपचारिक नियंत्रण के साथ औपचारिक नियंत्रण के लिए कानून, विधान, पुलिस और न्यायालय हैं। शहरी समाज ग्रामीण समाज से अधिक गतिशील एवं खुला है। यहाँ लोगों की रुचि पर आधारित व्यवसाय है, जिसमें श्रम विभाजन, कुशलता तथा विशेषीकरण है। लोग वर्गवाद, प्रतिवादी और विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के आधुनिक विकास में विश्वास करते हैं। यहाँ शिक्षा और स्वास्थ्य की अच्छी सुविधायें हैं, जिससे लोगों में जागरूकता बढ़ी है। इन सब बातों के कारण ग्रामों एवं नगरों में पर्याप्त अंतर आ गया है, परन्तु जब यही लोग इन विशेषताओं को लेकर गाँवों में लौटते हैं तो वहाँ नवीन प्रक्रियायें और आधुनिकीकरण लाते हैं।

3. **जनजातीय** जनजातीय भारतीय समाज का एक विशेष समूह है, जिन्हें आत्मावादी या आदिवासी कहा जाता है जो अर्द्ध सम्भव लोगों के रूप में पहाड़ों और जंगलों में खेतीहर के रूप में रहते हैं। यह एक विशिष्ट सामाजिक समूह है जो एक निश्चित संघर्षपूर्ण जीवन व्यतीत करते हैं। इनकी स्वयं की भाषा, संस्कृति

www.neerajbooks.com



तथा एक विशेष सामाजिक-राजनीतिक संगठन के साथ क्षेत्रीय समूह है।

जनजातीय समूह सिद्धांततः सहायक अर्थव्यवस्था है, जिसमें वे अपने उपभोग का प्राथमिक उत्पादन करती हैं। 1935 के भारत सरकार के अधिनियम के अनुसार जहाँ जनजातीय लोग अधिक संख्या में रहते हैं, उसे जनजातीय क्षेत्र के नाम से संबोधित किया जायेगा। आजादी के पश्चात इन क्षेत्रों का नाम अनुसूचित क्षेत्र होगा। भारत के संविधान के अनुच्छेद 5 तथा 6 में इसकी सुरक्षा के अनेक प्रावधान हैं। अनुच्छेद 342 में जनजातीय समुदाय अनुसूचित जनजाति है।

## जाति एवं वर्ग

ग्रामीण समाज के विकास में जाति व्यवस्था का महत्त्वपूर्ण योगदान है। हिन्दू समाज इस आधार पर संस्तरणात्मक रूप से विभाजित है। प्रत्येक जाति की अपनी उत्पत्ति एवं व्यवस्था समान होती है। जाति का स्थान जन्म के आधार पर निर्धारित होता है। ब्राह्मण परिवार में जन्मा व्यक्ति ब्राह्मण ही कहलायेगा। जाति की व्यवस्था कठोर होती है। एक ब्राह्मण अपने से निम्न जाति की कन्या से विवाह नहीं कर सकता। इसके कारण समाज में लड़के और लड़कियों के विरुद्ध कठिन प्रतिक्रिया होती है।

जाति व्यवस्था की एक अन्य महत्त्वपूर्ण विशेषता पवित्रता एवं अपवित्रता की अवधारणा है। उच्च जातियों को पवित्र एवं निम्न जातियों को अपवित्र माना जाता है। निम्न जाति के लोगों को अनेक सामाजिक एवं आर्थिक असमानताओं का सामना करना पड़ता है। वे प्रायः धनहीन एवं अस्पृश्य हैं। आजादी के पश्चात इसको समाप्त करने के लिए अनेक प्रयास किये गये हैं।

समाज वैज्ञानिकों ने जाति व्यवस्था से पहले के विषय में विशेष ध्यान दिया है। वस्तुतः विकास की प्रक्रिया में इसका महत्त्वपूर्ण योगदान है। ग्रामीण समाज में जाति के सामाजिक स्तरीकरण है और इसी से नेतृत्व का भी निर्माण होता है। इन जातियों में कुछ जातियां प्रभु नाम से प्रसिद्ध थीं। इन क्षेत्रों में एक विशेष जाति का निर्माण जन्म के आधार पर नहीं हुआ, बल्कि अपनी राजनीतिक एवं आर्थिक परिस्थिति के आधार पर हुआ। इसका स्थान सामाजिक स्तरण में बहुत निम्न है। यह जाति शक्ति प्राप्त करने पर विशेष ध्यान दे रही है। अब सामाजिक व्यवस्था में परिवर्तन हो रहा है जिससे आर्थिक एवं राजनीतिक स्वरूप का रूपान्तरण हो रहा है। शक्ति बढ़ने का कारण नये प्रकार के संबंधों का उभरना भी है। आज भारत में विशेष रूप से ग्रामीण समाज में पहले से प्रभावशाली जाति व्यवस्था प्रभावकारी है। इसलिए ग्रामीण भारत के स्वरूप का अध्ययन महत्त्वपूर्ण हो जाता है। जाति व्यवस्था को अनेक बाह्य एवं आंतरिक शक्तियाँ प्रभावित कर रही हैं।

**(1) एकीकरण बनाम विघटन** जाति व्यवस्था में एकीकरण और विभेदीकरण या विभाजन दोनों प्रकार के तत्व विद्यमान होते हैं। किसी विशेष जाति के सदस्यों में एकता या एकीकरण होता है। परन्तु इसमें कुछ ऐसे व्यवहार होते हैं जो दूसरी जाति से उन्हें अलग करते हैं। उदाहरण के लिए अंतर्जातीय विवाह से ये सहमत नहीं होते। समाज के अनेक स्तरों में विभाजित होने से विभेदीकरण उत्पन्न हो जाता है। समाज में आज भी छुआछूत विद्यमान है। यह ग्रामीण समुदाय के जीवन और एकता को हानि पहुँचा रही है।

**(2) सामाजिक गतिशीलता** यद्यपि जाति व्यवस्था विघटनकारी है परन्तु इसमें सामाजिक गतिशीलता के तत्व विद्यमान होते हैं। इस प्रक्रिया में संस्कृतिकरण होता है जिसमें निम्न जाति के लोग उच्च जाति के विचारों, विश्वासों और उच्च संस्कारों को ग्रहण करते हैं और उच्च स्थिति को प्राप्त कर लेते हैं, परन्तु देश के सभी भागों में सामाजिक गतिशीलता देखने को नहीं मिलती है। इस प्रकार जाति व्यवस्था अभी समाप्त नहीं हुई है और इसमें सामाजिक गतिशीलता संभव है। ऐसी स्थिति में निम्न जाति के सदस्यों द्वारा समाज में उच्च पदक्रम प्राप्त करने की सम्भावना है।

**(3) जाति एवं राजनीति** जाति व्यवस्था से राजनीति भी प्रभावित हो रही है। अब चुनाव जाति के आधार पर होते हैं। पंचायत और अन्य चुनावों में प्रत्याशी जाति के आधार पर बनते हैं कई बार प्रभु जाति के लोग निम्न जाति के वयस्क लोगों को अपनी इच्छा के प्रत्याशी को वोट देने के लिए विवश करते हैं। ये अधिक संख्या, आर्थिक शक्ति, शिक्षा, व्यवसाय तथा राजनीतिक शक्ति पर प्रभुक्त प्राप्त कर लेते हैं परन्तु स्वतंत्र और सम्मानपूर्वक रहने में असामान्य महसूस करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जाति व्यवस्था के विभिन्न कार्यों में तेजी से परिवर्तन हो रहा है। जाति व्यवस्था का अस्तित्व अभी जारी है परन्तु पारिवारिक शैली समाप्त होती जा रही है और नये रूप में उभर रही है।

**वर्ग** मार्क्सवादी विचारकों का मानना है कि अब भारतीय समाज में जाति का स्थान वर्ग ले रहा है। ऐसा औद्योगिकीकरण, नगरीकरण और राजनीतिकरण के कारण हो रहा है। उसके अनुसार जाति अस्थिर है और लोगों की मांग शक्ति प्राप्त करने की है। फलस्वरूप जाति, वर्ग के तत्वों को ग्रहण कर रही है। ऋग्वेद के काल में ही वर्ग की उत्पत्ति हो गयी थी और उसके बाद आर्यों का इतिहास शुरू होता है। के.एल. शर्मा के अनुसार जाति और वर्ग निकटता से जुड़े हुए हैं और इन्हें पृथक नहीं किया जा सकता। ये एक दूसरे के सहयोगी भी हैं।

ग्रामीण समाज में परिवर्तन का मुख्य कारक नगरीकरण है। इसके कारण महिलाओं और पुरुषों के जाति, संपत्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, जीवन शैली और रहन-सहन के तरीकों में परिवर्तन आया है। फलस्वरूप विभिन्न प्रथाएँ-जन्म, विवाह, मृत्यु, संस्कार आदि बदल रही हैं। इस परिवर्तन का मुख्य कारण जाति और उपजाति न होकर आर्थिक स्थिति है। यही नहीं लोगों के राजनीतिक जीवन एवं नेतृत्व में भी नगरीकरण के कारण परिवर्तन हो रहा है।

## परिवार, नातेदारी तथा विवाह

**परिवार** परिवार समाज की एक महत्त्वपूर्ण सामाजिक संस्था और मौलिक इकाई है तथा सभी सामाजिक समूहों में सार्वभौमिक है। परिवार वह प्राथमिक समूह है। जिसमें पति-पत्नी और बच्चे एक इकाई के रूप में होते हैं। परिवार की अवधारणा कई बंधनों को इंगित करती है। पारिवारिक संरचना स्थायी नहीं होती। यह सामाजिक संरचना की प्रकृति पर निर्भर करता है। मैक्समूलर के अनुसार परिवार वह समूह है, जो यौन संबंधों के आधार पर बनता है। इसका कार्य बच्चे को जन्म देना और उसका पालन-पोषण है। परिवार का अपना नाम और निवास होता है।

इसके अलावा परिवार की अन्य विशेषतायें निम्नलिखित हैं

- इसका आधार विवाह और यौन संबंध होता है।

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



- परिवार बच्चों का पालन पोषण और समाजीकरण करता है।
- यह निवास पर आधारित है।
- यह आर्थिक इकाई का भी कार्य करता है और सदस्यों की शारीरिक आवश्यकताओं की पूर्ति करता है।
- यह परिवार के सदस्यों को सुरक्षा और मनोरंजन की सुविधा प्रदान करता है।
- सदस्यों में सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक संबंध होता है, जिससे भावनात्मक बंधन का निर्माण होता है।
- परिवार विरासत का भी काम करता है जिसका स्थानान्तरण एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में होता है।
- यह सदस्यों पर सामाजिक नियंत्रण रखता है।
- परिवार श्रम की जरूरतों को भी पूरा करता है।
- परिवार के द्वारा वस्तुओं का संग्रह, उत्पादन व वितरण होता है।
- अपने सदस्यों की आयु, लिंग, प्रथा तथा रीतियों के आधार, श्रम विभाजन द्वारा कार्य एवं भूमिका निर्धारित करता है।

परिवार एक सार्वभौमिक घटना है, इसलिए इसे परिभाषित करना कठिन है। परिवार के दो स्वरूप-एकांकी एवं संयुक्त हैं। एकांकी परिवार में पति-पत्नी एवं अपने अविवाहित बच्चों का समूह होता है। संयुक्त परिवार एक केन्द्रीय परिवार होता है, जिसमें एक छत के नीचे उसके पति तथा पत्नी के रिश्तेदार निवास करते हैं। संयुक्त परिवार बड़े आकार का, सामान्य निवास, संयुक्त संपत्ति, सहयोग, भावनात्मक एवं संस्कारों का बंधन होता है। वर्तमान में भारत के ग्रामीण परिवारों में तेजी से परिवर्तन हो रहा है और इसको प्रभावित करने वाली अनेक शक्तियों का जन्म हो रहा है, जैसे

**(1) परिवार की रचना** भारतीय परिवार में प्राय: लगभग 5 या अधिक सदस्य होते हैं। परिवार के आकार की वृद्धि जनसंख्या वृद्धि होती है, जिससे ग्रामीण परिवारों में समस्यायें उत्पन्न होती हैं। जनसंख्या वृद्धि का एक महत्वपूर्ण कारण भारत की उत्पादन व्यवस्था है। यहाँ की कृषि योग्य अधिकांश भूमि अल्प जनसंख्या वाले जमीदारों के पास है जबकि अधिक जनसंख्या वाले लोगों (विशेष रूप से श्रमिकों) के पास कम भूमि होती है। दूसरे उत्पादन से श्रमिक के परिवार का गुजारा नहीं होता। यह अधिक बच्चे पैदा करता है। जिससे उसकी आय बढ़ सके, जो गलत धारणा है। कई आर्थिक तथा अन्य कारण जनसंख्या को प्रभावित करते हैं। गाँवों में स्वास्थ्य की अच्छी व्यवस्था न होने से बच्चे मर जाते हैं। इस कारण लोग अधिक बच्चे पैदा करते हैं। कई सामाजिक कारण जैसे शीघ्र विवाह, स्त्रियों की प्रजनन क्षमता, अशिक्षा और कम मनोरंजन से भी जनसंख्या बढ़ती है। इसके कारण बेरोजगारों और श्रम की अकुशलता आदि बढ़ती है और परिवार में झगड़े होते हैं।

**(2) संयुक्त परिवार का विघटन** यह एक परिवर्तन या संक्रमण है। कई कारणों से संयुक्त परिवार का विघटन हो रहा है। जिसमें आर्थिक कारक प्रमुख है। गाँवों को औद्योगिकीकरण ने विशेष प्रभावित किया है। लोग पारिवारिक व्यवसाय को छोड़कर औद्योगिकीकरण की ओर आकृष्ट हो रहे हैं, जिससे एकाकी परिवार बढ़ रहे हैं, परन्तु संयुक्त परिवार विघटित हो रहे हैं।

औद्योगिकीकरण की प्रक्रिया से अन्य समस्यायें भी उत्पन्न हुई हैं। प्राय: लोग कुछ कार्य करना चाहते हैं, इसलिए गाँव छोड़कर नगरों में बस रहे हैं। अपनी तकनीकी के कारण उन्होंने परम्परागत व्यवसाय को छोड़ दिया है एवं आधुनिक प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर समृद्ध हो गये और संयुक्त परिवार को सदैव के लिए छोड़ दिया है।

**(3) सदस्यों की भूमिका** ग्रामीण परिवारों के सदस्यों की भूमिका से भी परिवर्तन आया है। अब स्त्रियां पुरुषों के साथ काम कर रही हैं या अलग नौकरी कर रही हैं। फलस्वरूप वे परिवारजनों विशेष रूप से अपने बच्चों और अपने बूढ़े सास-ससुर की उचित देखभाल नहीं कर पा रही हैं। ऐसी स्थिति में सदस्य रोग ग्रस्त होते जाते हैं। महिला भी अधिक परिश्रम और कम पोषण से बीमार रहने लगती है। इससे विभिन्न सदस्यों का तालमेल समाप्त हो जाता है और व्यक्तिगत दायरा रह जाता है।

**नातेदारी** परिवार की एक सामान्य विशेषता नातेदारी या रिश्तेदारी है। यह संबंधों का एक वृहद जाल है। वस्तुत: समाज के संबंध के कई प्रतिमान होते हैं, जिसमें विवाह और रक्त संबंध मुख्य हैं। नातेदारी की उत्पत्ति प्रारम्भ में विवाह संबंध से हुई। बाद में यह बंधन रक्त से हो गया। नातेदारी से सामाजिक एकता स्थापित होती है। वस्तुत: इसके द्वारा एक निश्चित ढाँचे में व्यक्ति को अपनी निर्धारित भूमिका संबंधी सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक कार्य की प्रेरणा देती है। पारिवारिक एकता माता-पिता, बच्चों एवं नातेदारी पर निर्भर होती है।

**विवाह** हमारे देश में विवाह एक महत्त्वपूर्ण सामाजिक कार्यकलाप माना जाता है। इसके कारण लोगों में सामाजिक दायित्व, नातेदारी बंधन, परम्परागत मूल्य, शान्तिपूर्ण भावनाएँ तथा आर्थिक संसाधन की सोच उत्पन्न होने लगती है। भारत में प्रत्येक व्यक्ति का विवाह अनिवार्य माना जाता है और इससे भारी परिवर्तन या संक्रमण होता है। लड़के-लड़की के माता-पिता एवं अन्य रिश्तेदारों के लिए विवाह निश्चित करना एक दुर्गम जिम्मेदारी है। विवाह के बंधन सामाजिक उत्तरदायित्वों के पुनर्संरचनाकरण, धन तथा मकानों का पुनर्वितरण करता है। अंतत: परिवार की उत्पत्ति होती है।

**हिन्दुओं में विवाह** विवाह प्रथाओं के आधार पर भारत उत्तर और दक्षिण क्षेत्रों में बांटा जा सकता है। इसके अलावा अन्य क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार की प्रथाएँ हैं। उत्तर भारत के परिवारों में सदस्य रक्त संबंध से बंधे नहीं होते। इन परिवारों में विवाह बंधन स्थापित किया जाता है। इसके विपरित दक्षिण भारत में रक्त संबंध वाले परिवारों में ही विवाह होते हैं जिससे नातेदारी और मजबूत हो सके। उत्तर में सभी रक्त संबंधों में एक व्यक्ति या एक व्यक्ति के बच्चों को विवाह का संबंध बनाने से रोकता है। दक्षिण में किसी भी परिवार में शादी हो जाती है क्योंकि परिवारों के मध्य प्राय: विनिमय होता है। किन्तु गंगा के मैदान में विवाह प्राय: गाँव से बाहर होता है। उत्तर भारत में नवदम्पत्ति एक दूसरे से अजनबी होते हैं। मध्य भारत में अल्पाधिक परिवर्तन के साथ उत्तर भारत के विवाह के प्रतिमान पाये जाते हैं। वहाँ प्राय: गाँव के बाहर विवाह होते हैं, परन्तु एक गाँव के अन्दर भी हो सकता है। लोग पड़ोसी गाँव के अपनी जाति में विवाह कर लेते हैं। यहाँ परिचित या मित्रता पर विशेष बल दिया जाता है।

www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



दक्षिण भारत विवाह के मामले में थोड़ा भिन्न है। यहाँ ममेरे, फुफेरे भाई के बीच विवाह होता है। यहाँ के लोग यह मानते हैं कि जहाँ से एक लड़की लाई जाती है, वहीं पर एक लड़की वापस की जाये। यह कार्य इस पीढ़ी या अगली पीढ़ी तक भी किया जाता है। इस प्रकार के विवाहों में लड़की किसी न किसी प्रकार परिचित घर में जाती है, जहाँ उसे अजनबी होने का आभास नहीं होता। लड़की का जिस लड़के से विवाह होता है। वह उसे जानता है, क्योंकि वह ममेरी फुफेरी बहन होती है।

**मुसलमानों में विवाह** सम्पूर्ण भारत में मुसलमानों में चचेरे या ममेरे भाई-बहन से विवाह होता है। केवल दूध का अलगाव किया जाता है। यहाँ तक कि एक ही लिंग से उत्पन्न दो औरतों के भाई-बहन में भी विवाह हो जाता है। कई बार बच्चे नातेदारी में स्वयं विवाह कर लेते हैं।

**जनजातियों के विवाह** जनजातियां प्राय: मध्य भारत में मिलती हैं, जहाँ दक्षिण-पूर्व भारत की प्रथाओं का प्रचलन है। मानवशास्त्री वेरियर एल्विन के अनुसार दक्षिण-पूर्व मध्य प्रदेश में बस्तर की मूरिया जनजाति में हम उम्र के युवा-युवती एक साथ प्यार करते हुए रहते हैं। अंतत: माता-पिता चचेरे भाई-बहन का विवाह कर देते हैं। गोंड और मूटर्या जनजातीय समूह में 'दूध को वापस लाओ' पर जोर देते हैं।

प्राय: भारत में युवक युवती अपने माता-पिता की सहमति से विवाह की आशा रखते हैं। अधिकांश युवाओं और शिक्षित परिवार में ऐसा हो रहा है। अब तो प्रेम विवाह भी व्यवस्थित विवाह का रूप ले रहे हैं। प्रेम-प्रसंग में लिप्त युवक-युवती अपने माता-पिता को समझाकर इच्छित विवाह करते हैं। दक्षिण भारत में अत्यधिक पुरानी सोच मिलती है। उच्च एवं शिक्षित परिवारों में प्रेमविवाह दूसरी जाति से भी हो रहे हैं। हिन्दू परिवार मुसलमानों से विवाह करने में हिचकिचाते हैं।

**दहेज** भारत में लम्बे समय से विवाह में भेंट या दहेज का लेन-देन होता है। विशेष रूप से दक्षिण में दुल्हन देने वाले, दुल्हन लेने वाले से अपने को निम्न मानता है और दुल्हन को लेने वाले प्राय: उनसे भेंट चाहते हैं। यह भेंट विवाह बंधन से शुरू होकर एक या दो पीढ़ी तक चलती रहती है। इसका कारण असमान संबंध की पूर्ति है।

दुल्हन के माता-पिता के अलावा उसके नातेदारों द्वारा विवाह के समय दहेज दिया जाता है। प्राचीन काल के दहेज को स्त्रीधन माना जाता है और इसका प्रबन्ध उसके जन्म से ही शुरू हो जाता था। जेवरात, कपड़े और सामान को उससे आगे के जीवन के लिए आवश्यक माता जाता था। धीरे-धीरे दहेज ने नकद राशि और सामान का रूप धारण कर लिया और दूल्हे के परिवार के लोग इसकी मांग करने लगे। 20वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में दहेज प्रथा बढ़ी है। आर्थिक पढ़े-लिखे उच्च पद वाले दूल्हे की दहेज की मांग बहुत अधिक हो गयी है। मुसलमानों में यह प्रथा नहीं थी, परन्तु अब वहाँ भी दहेज की मांग हो गयी है।

आज दहेज दुल्हन के परिवार वालों के लिए एक अतिरिक्त भार हो गया है। फलस्वरूप अपराध को बढ़ावा मिला है। सरकार के दहेज निरोधक कानून के होते हुए भी दुल्हनों को जलाया जा रहा है, हत्या की जा रही है। विशेष रूप से नगरों में दहेज के लिए दुल्हन का अनादर किया जाता है, उत्पीड़न किया जाता है। इस कार्य में पुरुष, महिला एवं ननद की भूमिका अधिक होती है जो प्राय: जेल जाते हैं।

## धर्म एवं भाषा

**धर्म** भारत धर्मों का देश कहा जाता है परन्तु मुख्य रूप से चार धर्मों-हिन्दू, इस्लाम, बौद्ध एवं जैन तथा सिक्ख धर्म का बोलबाला रहा है। यहाँ हिन्दू धर्म के अधिकांश अनुयायी (80.5%) हैं। अन्य धर्मों के राम हैं। धर्म का नियंत्रण प्रथा एवं कानून दोनों द्वारा होता है। इन धर्मों में समन्वय है और इनसे सामाजिक एकता का जन्म होता है। इन धर्मों के अलावा जोरोस्टीअरिज्म और जुडेइज्य नामक धर्म भी हैं, जिसके कुछ हजार अनुयायी हैं, जो विश्व के अन्य देशों में अधिक हैं। हिन्दू दर्शन के अनेक आयाम हैं, जैसे योग (प्राणायाम) दवा, सगुन के आधार पर भविष्यवाणी करने की योग्यता, कर्म आदि है। पश्चिमी देशों में इन पर अधिक महत्त्व दिया जाता है। अनेक विदेशी संगठन-हरे कृष्णा आन्दोलन, ब्रह्म कुमारी आदि लोगों को आज भी प्रभावित कर रहे हैं।

भारत मुस्लिम आबादी की दृष्टि से विश्व में तीसरा स्थान रखता है। यहाँ सूफी संतो-मोइनुद्दीन चिश्ती तथा निजामुद्दीन औलिया की प्रसिद्ध दरगाहें हैं। कोई कानून मुस्लिम समुदाय के मामले में हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देता है।

भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है परन्तु धर्म लोगों का मौलिक अधिकार है। प्रत्येक नागरिक किसी भी पूजा पद्धतियों एवं विश्वास को अपना सकते हैं।

**भाषा** आजादी के पश्चात भारत की कार्यालयी भाषा हिन्दी को माना गया है। इसका स्थान अंग्रेजी को दिया गया है। अनुच्छेद 345 के अनुसार सभी कार्यालयी भाषा का प्रयोग हिन्दी में करेंगे या राज्य में बोली जाने वाली स्थानीय भाषा का भी प्रयोग किया जा सकता है। वर्तमान में भारत में 22 भाषाओं को राष्ट्रीय भाषा माना गया है।

## बोध-प्रश्न

**प्रश्न 1. जनजाति की महत्त्वपूर्ण विशेषताएं क्या हैं?**

**उत्तर जनजाति की महत्त्वपूर्ण विशेषताएं** जनजाति एक मानवशास्त्रीय परिकल्पना है। इन्हें आत्यावादी और आदिवासी भी कहा गया है। ये लोग अर्द्धसभ्य होते हैं और पहाड़ों एवं जंगलों में निवास करते हैं। ये खेती भी करते हैं और एक विशिष्ट समूह के रूप में संगठित रहते हैं। इसकी अन्य विशेषताएं निम्नलिखित हैं

1. जनजाति एक सामाजिक समूह के रूप में जानी जाती है। इनका विशिष्ट सामाजिक संगठन एक निश्चित क्षेत्र में रहता है, संघर्षपूर्ण जीवन व्यतीत करता है एवं इनमें सामाजिक एकरूपता होती है।
2. जनजातियों की स्वयं की भाषा, संस्कृति तथा एक सामाजिक संगठन के साथ अपना क्षेत्रीय समूह होता है।
3. एक जनजातीय समाज की अपनी सहायक अर्थव्यवस्था होती है, जिसमें वे अपने उपयोग के लिए प्राथमिक उत्पादन करते हैं। विकास एवं आधुनिकता की दृष्टि से अलग-अलग प्रतिमान होते हैं।
4. भारत सरकार के अधिनियम 1935 के अनुसार जिस क्षेत्र में बहुतायत से जनजाति के लोग निवास करेंगे, उसे

www.neerajbooks.com